हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री से.
न्यूनतम 17.0 डिग्री से.

10 39 वर्षों की सेवा बाद जिला स्वास्थ्य निरीक्षक....



10 अबतक 1553 किशोरियों को लगाई जा चुकी वैक्सीन



खबर संक्षेप

तेजधार हथियार से हमला करने पर केस

जींद। गांव रोझला में रजिश के चलते तेजधार हथियार से हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव रोझला निवासी मनजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उससे गांव का ही विजय रंजिश रखे हुआ था। उसी रंजिश के चलते विजय ने उस पर हथियार से हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने मनजीत की शिकायत पर विजय के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जींदः पराली के अवशेष जलाने पर मामला दर्ज

जींद। गांव खेड़ी मसानिया खेत में पराली अवशेष जलाने पर उचाना थाना पुलिस ने कृषि विभाग की शिकायत पर एक किसान के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कृषि विभाग के सुपरवाइजर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सरकार ने पराली अवशेष जलाने पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। सेटलाइट से गांव खेड़ी मसानिया निवासी सुरेंद्र के खेत में पराली जलाने की लोकेशन दिखाई दी। विभाग की टीम ने खेत का निरीक्षण किया तो आग लगना पाया गया।

संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

जींद। गांव लखमीरवाला से युवती के संदिग्ध हालात के चलते गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव लखमीरवाला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उसकी 18 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। घटना का सुबह उस समय पता चला जब उसकी बेटी सुबह कमरे में नही मिली। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है।

विदेश भेजने के नाम पर ठगी के दो आरोपी दबोचे

जींद। एवीटी स्टाफ पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर 15 लाख की धोखाधड़ी करने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। एवीटी स्टाफ जींद के इंचार्ज यशवीर सिंह ने बताया कि गांव कालवा निवासी जगत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बेटी को पढ़ाई के लिए कनाडा भेजना चाहता था। इसी दौरान उसकी जान-पहचान गांव पौली निवासी सोनू के माध्यम से जसबीर सहित अन्य व्यक्तियों से हुई थी। उसकी बेटी को कनाडा भेजने का भरोसा दिला कर 15 लाख रुपये में सौदा तय किया।

राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित

कैथल। महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी सपना ने बताया कि विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इन पुरस्कारों के लिए पात्र महिलाओं से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। 5 नवंबर तक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। डाक, कोरियर या ऑफलाइन के माध्यम से कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

सरदार पटेल की जयंती पर आज होगा कार्यक्रम

जींद। नगराधीश मोनिका रानी ने बताया कि 31 अक्टूबर को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलवाई जाएगी। सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि इस कार्यक्रम में पहुंचना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार उपमंडल स्तर भी कार्यक्रम आयोजित होंगे।

खेल राज्यमंत्री की अध्यक्षता में कष्ट निवारण समिति की बैठक: 16 में से 11 शिकायतों का समाधान

लोकहित के कार्य सरकार की प्राथमिकता, हर शिकायत को गंभीरता से लें अधिकारी : गौतम

मंत्री ने शेष पांच मामलों के बारे जरूरी दिशा निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

खेल, युवा अधिकारिता एवं कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में जन शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निवारण के लिए हमारी सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। परिवेदना समिति की मासिक बैठकें शासन और नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त मंच हैं, जहां आमजन अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं। परिवादी की समस्या का समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। सरकार जनकल्याण के लिए है और सरकार जनता की सुविधा के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों की जांच प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए तथा शिकायतकर्ता को हर चरण में शामिल रखा जाए ताकि समाधान प्रभावी एवं संतोषजनक हो। खेल मंत्री गौरव गौतम शुक्रवार को स्थानीय डीआरडीए के सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर डीसी डा. वैशाली शर्मा, पुलिस अधीक्षक उपासना यादव भी विशेष रूप से मौजूद रही। खेल, युवा अधिकारिता एवं कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम ने यह विचार शुक्रवार को स्थानीय डीआरडीए हॉल में जिला कष्ट निवारण समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किये। समिति अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री के समक्ष बैठक में कुल 16 शिकायतें समाधान के लिए रखी गईं। जिनमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। जबकि शेष मामलों में विस्तृत जांच के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस मौके पर एडीसी प्रदीप कौशिक, उचाना की एसडीएम सुमन यादव आईएएस, सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा, जुलाना के एसडीएम होशियार सिंह, नरवाना के एसडीएम जगदीश चंद्र, बीजेपी के जिला प्रधान तेजेन्द्र ढूल, चेयरमैन कैप्टन योगेश यादव, पुष्पा तायल, गौरव भारद्वाज व कष्ट निवारण समिति के गैर सरकारी सदस्य तथा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। दुड़ाना का जमीनी विवाद व अस्पताल में 10 वर्षीय बच्चें की मौत का मामला भी मीटिंग में छाया रहा। ग्रीवेंस मीटिंग में 16 शिकायतों की सुनवाई की गई। मंत्री ने कुछ शिकायतों को जांच के लिए पेंडिंग रख लिया और बाकी में अधिकारियों को अगली मीटिंग से पहले समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि गांव रजाना खुर्द में तीन भाइयों, बादल सिंह, कर्ण सिंह व दलबीर की 33 एकड़ करीब 250 मरला तीनों के हिस्से में 11-11 एकड़ जमीन है। जिसकी खेवट व खाता नंबर अगल हो गई। कर्ण सिंह के बेटे लाभ सिंह ने इस पर आपत्ति जताते हुए केस डाल दिया। जिस पर कमिश्नर कोर्ट ने इंतकाल दर्ज न करने का स्टे ऑर्डर कर दिया। एसडीएम और कोर्ट केस लंबित होने के बावजूद नौ जुलाई को जींद-सफीदों रोड के साथ लगती तीन एकड़ प्राइम लैंड का इंतकाल बादल सिंह के नाम दर्ज कर दिया। जिसकी पटवारी ने ऑनलाइन रिकार्ड में एंट्री भी कर दी। जमीन की खेवट नंबर 285 थी। 2024-25 में इसकी दो खेवट 319 व 320 बना दी। 319 नंबर खेवट मेरे ताऊ बादल सिंह व 320 मेरे पिता कर्ण सिंह के नाम से बनी।

मीटिंग में नायब तहसीलदार, कानूनगो व पटवारी का मामला छाया



शिकायतें सुनते खेल, युवा अधिकारिता एवं कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम।



जींद। जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायतें रखते शिकायकर्ता।

मंत्री बोले-संवेदनशीलता दिखाएं

गांव बनियाखेड़ा निवासी अजय ने बताया कि 17 अगस्त को अस्पताल में मेरे बेटे की मौत हो गई। मैं एमरजेंसी के ड्यूटी डाक्टर से बार-बार फरियाद करता रहा, परंतु उन्होंने नही सुनी। खुद देखने की बजाय वहां मौजूद स्टाफ से इंजेक्शन लगा दिया। जिससे मेरे बेटे की मौत हो गई। इस पर पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने अपनी अपनी दलीलें दी। जिस पर मंत्री ने कहा कि इस व्यक्ति ने अपना बेटा खोया है। आपको इसके साथ संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को बिसरा रिपोर्ट जल्द मंगवाने और उसके अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कोर्ट स्टे के बावजूद भूमि का इंतकाल दर्ज कर दिया था

ग्रीवेंस मीटिंग में नायब तहसीलदार, कानूनगो व पटवारी का मामला छाया रहा। कोर्ट स्टे होने के बावजूद जमीन का इंतकाल दर्ज कर दिया था। इस मामले में पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने 25 सितंबर को पिल्लूखेड़ा के तत्कालीन नायब तहसीलदार रणबीर सिंहए कानूनगो सुरेश और पटवारी रविदत्त के खिलाफ केस दर्ज किया था। जब मंत्री के सामने पुलिस ने एफआईआर की बात कही तो फरियादी ने जवाब दिया। एफआईआर तो मंत्री संदीप के खिलाफ भी हुई थी। हुआ क्या आखिर में इस्तीफा देना पड़ा। फरियादी की यह बात सुनने के बाद मंत्री आप बहुत आगे चले गए कहकर मामले को संभाला पड़ा।

फैसला कर लो, नहीं पछताओगे

गांव दुड़ाना में प्रॉपर्टी विवाद का मामला एक बार फिर पहुंचा। मंत्री ने समझौता नहीं करने पर केस दर्ज कर कार्रवाई की चेतावनी दी। जिस पर उनके साथ आई छोटे भाई की बेटी ने कहा कि बड़े पापा को हथियार अंदर से मैने लाकर दिया था। यदि इन्हें गिरफ्तार करोंगे तो मुझे भी करना पड़ेगा। जसविंद्र कौर ने गांव की होशियार सिंह पर साथियों के साथ मिलकर जबरदस्ती जमीन पर कब्जा करने व फायरिंग करने के आरोप लगाए थे। समाधान के लिए पिछले मीटिंग में दो सदस्यों की ड्यूटी लगाई थी, परंतु समाधान नहीं हुआ। मंत्री ने कहा मामले को घर पर सुलझा। मंत्री ने मामला नहीं सुलझने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। मंत्री ने दोनों पक्षों को सलाह दी कि कोई नुकसान हो गया तो पछतावें के सिवाय कुछ नहीं मिलेगा।

कब तक पत्र-पत्र खेलोगे

नरवाना के बीरबल नगर निवासी अमित ने अपनी शिकायत में बताया कि 19 सितंबर 2026 को बिजली का करंट लगने से उसकी मुर्रा भैंस की मौत हो गई। जिसकी कीमत करीब अढाई लाख रुपये थे। उसे आज तक मुआवजा नहीं मिला है। इस पर बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भैंस की वेलयू नहीं लिखी है। जिस कारण मुआवजा नहीं दिया जा रहा। मंत्री ने बिजली निगम के अधिकारियों से व्यक्तिगत वेटेनरी डाक्टर से मिलकर वेल्यू लिखवाने की बात कही। जिस पर एक्शइन ने पत्र लिखने की बात कही। जिस पर मंत्री ने कहा कि कब तक पत्र-पत्र खेलोगे। छोटा सा काम है, व्यक्तिगत रूप से बात कर इसका समाधान करों। अगली मीटिंग में यह मामला नहीं आना चाहिए।



कलायत। नशा तस्करी के खिलाफ अभियान चलाते पुलिस कर्मचारी।

नशे का अवैध कारोबार करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा

- चलाया सघन अभियान व संदिग्ध ठिकानों पर पुलिस की पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने और आपराधिक गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देशानुसार शुक्रवार सुबह कलायत की सेंसी बस्ती में व्यापक सर्च अभियान चलाया गया। डीएसपी मुख्यालय बीर भान के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में थाना कलायत के एसएचओ एसआई रणदीप, सीआईए कलायत प्रभारी एएसआई मनीष कुमार सहित करीब 150 पुलिसकर्मी शामिल रहे। अभियान के दौरान स्निफर डॉग की सहायता से संदिग्ध नशा तस्करों के करीब 50 घरों की सघन तलाशी ली गई। इसके अलावा आसपास के अन्य संदिग्ध स्थानों को भी खंगाला गया, ताकि मादक पदार्थों की संभावित छिपाव स्थलों और गैरकानूनी गतिविधियों का पता लगाया जा सके। डीएसपी बीर भान ने कहा कि इस विशेष अभियान का उद्देश्य नशा तस्करों व आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर प्रभावी अंकुश लगाना तथा क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और मजबूत करना है। पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि नशे का अवैध कारोबार करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

रोहतक, गोहाना और पानीपत रूट पर बसें न मिलने से यात्री परेशान

- राज्य स्तरीय खिलाड़ी सम्मान समारोह के लिए बीस बसें भेजने से बढ़ी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

भिवानी में शुक्रवार को आयोजित राज्य स्तरीय खिलाड़ी सम्मान समारोह में खिलाड़ियों को पहुंचाने के लिए जींद रोडवेज डिपो की ओर से 20 बसें भेजी गईं। जिले के अलग-अलग स्टेडियमों और खेल नर्सरियों से खिलाडिय़ों को लेकर ये बसें भिवानी पहुंचीं। खिलाडिय़ों की सुविधा के लिए रोडवेज की ओर से की गई इस व्यवस्था का असर आम यात्रियों की परिवहन सुविधा पर भी देखने को मिला। दिन के समय जींद से रोहतक, गोहाना और पानीपत रूट पर यात्रा करने वाले यात्रियों को बसों की कमी के कारण आंशिक परेशानी का सामना करना पड़ा। राज्य स्तरीय खिलाड़ी सम्मान समारोह में जिले के विभिन्न खेल स्टेडियमों और खेल नर्सरियों से खिलाडिय़ों को शामिल होना था। इसके लिए जींद डिपो से 20 बसों की व्यवस्था की गई। इन बसों में खिलाडिय़ों को बैठाकर भिवानी ले जाया गया। ऐसे में यात्रियों को रोहतक, गोहाना और पानीपत रूट पर दिन के समय बसों को लेकर इंतजार करना पड़ा। इन रूटों पर नियमित रूप से सफर करने वाले यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए कुछ समय अतिरिक्त इंतजार करना पड़ा।



जींद। बस अड्डा पर बसों का इंतजार करते यात्री। *फोटो :हरिभूमि*


दो स्थानों पर मकानों से लाखों के आभूषण और अन्य सामान चोरी

शिकायतों के आधार दर्ज किए मामले

एक स्थान पर दरवाजे के आगे लगाई कुंडी दूसरी जगह सीसीटीवी कैमरे में दिखे लूटेरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

शहर में बीती रात चोरों ने दो अलग-अलग स्थानों पर मकानों में सेंधमारी कर सोने, चांदी के जेवरात, नगदी समेत लाखों रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कमरे पर कुंडी लगा कर दिया चोरी की वारदात को अंजाम अजमेर बस्ती निवासी नीलम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके कमरे के बाहर कुंडी लगा दी। जिस के बाद उसके घर से चांदी की कटोरी, चम्मच, चार जोड़ी पाजेब, 13 जोड़ी चुटकी, एक सिक्का, तोड़े, दो अंगूठी, बर्तन सात हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। घटना का सुबह उस समय पता चला, जब उसके देवर ने सुबह मकान के दरवाजे खुले देख कर फोन पर कॉल की। जब उन्होंने कमरे के दरवाजे को खोलने की कोशिश की तो बाहर से कुंडी लगी मिली। दूसरे कमरे में रखी अलमारी तथा दीवान बैड को खंगाला गया था। उनमें रखा कीमती सामान गायब था। मकान से कुछ दूरी पर खुले में दस्तावेज तथा थैला पड़ा हुआ था। कीमती सामान गायब था। सीसीटीवी कैमरे दिखाई दिए चोर, ले उड़े जेवरात व नगदी खेम नगर निवासी जसवंत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चारों ने उसके मकान से सोने का मंगलसूत्र, तबीजी, दो अंगूठी, छह जोड़ी पाजेब, चांदी के आभूषणों को चोरी कर लिया। घटना का सुबह उस समय पता चला जब वे सोकर उठे। जब उन्होंने आसपास लगे सीसी टीवी कैमरों की जांच की तो गली मे चोर जाते दिखाई दिए। रोहतक रोड चौकी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि शिकायतों के आधार पर फिलहाल मामले दर्ज कर लिए हैं। मामलो की जांच की जा रही है।



मकान में चोरी के बाद बिखरा सामान।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान योजना की 24वीं किस्त जारी की

कैथल: 97 हजार 965 किसानों के बैंक खातों में 19.59 करोड़ रुपये की राशि स्थानांतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास की नीति पर चलकर हर वर्ग के कल्याण हेतु अनेक योजनाएं क्रियान्वित की गई है। सरकार अपने लक्ष्य के अंतर्गत पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। किसान सम्मान निधि योजना के अलावा अन्य योजनाओं का लाभ किसानों को प्रदान किया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र में किसान सम्मान समारोह के दौरान अपना संबोधन व्यक्त कर रही थी। कार्यक्रम के दौरान गुजरात से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान योजना के तहत किसान सम्मान योजना की 24वीं किस्त जारी की और देश वासियों को संबोधित किया। इसका लाइव प्रसारण किया गया। उन्होंने बताया कि कैथल में 24वीं किस्त में 97 हजार 965 किसानों को 19 करोड़ 59 लाख रुपये की राशि का लाभ प्रदान किया गया। जिला कैथल में अब तक 23 किस्तों में कुल 4 अरब 93 करोड़ 45 लाख रुपये की धनराशि का लाभ दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा नागरिकों को बिजली, पानी, स्वास्थ्य व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। अंत्योदय परिवार उत्थान मेलों के आयोजनों के माध्यम से नागरिकों के नजदीक सरकार की याजनाओं की जानकारी के साथ-साथ पात्र व्यक्तियों को लाभ प्रदान किया जाता है। किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 4 महीनें के अंतराल में 2 हजार रुपये की तीन समान किस्तों में प्रति वर्ष 6 हजार रुपये का आर्थिक लाभ सीधे उनके खातों में डीबीटी के माध्यम से स्थानांतरित किया जाता है। इस मौके पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग डॉ. रविंद्र कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ समन्वयक डॉ. रमेश चंद्र वर्मा के अलावा किसान उपस्थित रहे।



कैथल। कृषि विज्ञान केंद्र में किसान सम्मान समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी को सम्मानित करते पदाधिकारी।

कूड़ा डालने का विरोध करने पर दंपति को पीटा

- पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार लोगों को नामजद कर कुछ अन्य पर दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

आदर्श कॉलोनी सफीदों में खाली प्लाट में कूड़ा डालने का विरोध करने पर पड़ोसियों ने हमला कर दंपति को घायल कर दिया। जिन्हें उपचार के लिए पीजीआई खानपुर रैफर किया गया है। शहर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आदर्श कॉलोनी निवासी शमशेर सिंह ने बताया कि उसका पड़ोसी वजीर परिवार खाली पड़े प्लाट में कूड़ा डालता है। उन्होंने बदबू उठने के चलते विरोध किया तो वे झगड़े पर उतर आए। गत दिवस वजीर परिवार ने खाली प्लाट में पड़े कूड़े में आग लगा दी। धुआं तथा बदबू उनके घर में आने पर उन्होंने पानी डाल कर आग को बुझा दिया। उसी दौरान वजीर परिवार ने उन पर हमला कर दिया। जब उसकी पत्नी राजबाला बचाने पहुंची तो आरोपितों ने उस पर भी हमला कर दिया। जिसमें दोनों को काफी चोटें आई। आसपास के लोगों ने उन्हें हमलावरों की चंगुल से छुड़वा अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों की गंभीर हालात देख पीजीआई खानपुर रेफर दिया। शहर थाना सफीदों पुलिस ने शमशेर की शिकायत पर आरोपित वजीर, उसकी पत्नी सावित्री, दर्शना, प्रदीप को नामजद कर चार-पांच अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खबर संक्षेप

30 नवंबर को प्रकाशित होगी अंतिम मतदाता सूची

जींद। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य तय कार्यक्रम के तहत जारी है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर के कार्यक्रम में संशोधन किया है। कार्यक्रम के अनुसार दावों एवं आपत्तियों के निपटारे की अवधि 20 नवंबर तक निर्धारित की गई है। उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करवाना है।

पीआर धान की आवक 3.27 लाख क्विंटल पहुंची

उचाना। उचाना हाइवे स्थित अतिरिक्त अनाज मंडी में पीआर धान की आवक निरंतर जारी है। अब तक मंडी में तीन लाख 27 हजार क्विंटल पीआर धान की आवक हो चुकी है। खरीद एजेंसी द्वारा दो लाख 72 हजार क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है। जबकि 1 लाख 73 हजार क्विंटल धान का उठान हो चुका है। वहीं किसानों के खातों में 40 करोड़ रुपये से अधिक की पेमेंट पहुंच चुकी है। एसडीएम सुमन यादव ने कहा कि मंडी में आने वाली पीआर धान की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा।

धान खरीद सुचारु रूप से जारी रखने की मांग

नरवाना। अखिल भारतीय किसान सभा जींद जिला कमेटी ने मंडियों में धान बिक्री पर दूसरे जिलों की साथ लगती मंडियों में फसल बेचने पर लगाई गई रोक हटाने-खरीद लिमिट से ज्यादा धान की खरीद को सुचारू रूप से करने की मांग की है,ज्ञात हो कि सरकार द्वारा धान खरीद में साथ लगते जिलो में फसल बिक्री करने पर नजदीक की मंडियों में फसल डालने पर छूट दी गई थी साथ ही किसान आंदोलन के दबाव में प्रति एकड़ खरीद सीमा मे भी छूट दी गई थी । लेकिन अभी किसानों को साथ लगती मंडियों में फसल लेकर जाने पर गेट पास नहीं कट रहे साथ ही प्रति एकड़ खरीद सीमा में भी जो छूट दी थी वो अतिरिक्त खरीद करने में अनेकों दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

रामराये में दुल सम्मेलन एक नवंबर को

जींद। समाज में शिक्षा, संस्कार और एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक नवंबर को गांव रामराये में 20वां अंतरराष्ट्रीय दुल सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्षता खाप के प्रधान हरपाल सिहं दुल ईक्कस करेंगे। भाकियू के जिला प्रेस प्रवक्ता रामराजी दुल पोंकरीखेड़ी ने बताया कि यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से शिक्षा व संस्कार को समर्पित पारिवारिक सम्मेल होगा। इसमें देश.विदेश से दुल परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

गन्ने के रेट में की वृद्धि पर किसानों ने जताया रोष

जींद। अखिल भारतीय किसान सभा ने मौजूदा पिराई सत्र के लिए गन्ने के रेट में की गई 15 पैसे प्रति किलो (15 रुपये प्रति क्विंटल) की बढ़ोतरी को बेहद मामूली और किसानों के साथ भद्दा मजाक बताया है। किसान सभा के नेता वेदप्रकाश और फूल बरसोला ने कहा कि प्रदेश का किसान इस मामूली वृद्धि से बिल्कुल संतुष्ट नहीं है और सरकार किसानों को भ्रमित करना बंद करे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने इस पिराई सत्र के लिए मात्र 15 पैसे प्रति किलो और आगामी पिराई सत्र के लिए 20 पैसे प्रति किलो की घोषणा की है।

अनाज मंडियों में धान की खरीद जारी

जींद। जिले की अनाज मंडियों में धान की आवक और खरीद का कार्य निरंतर जारी है। वीरवार देर शाम तक जिले की विभिन्न अनाज मंडियों में कुल एक लाख 75 हजार 827 मीट्रिक टन धान की आवक दर्ज की। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा मंडियों में किसानों की सुविधा, सुचारू खरीद प्रक्रिया, फसल के उठान तथा आवश्यक व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जा रही है ताकि किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार परेशानी का सामना न करना पड़े। धान को अच्छी तरह सुखाकर तथा निर्धारित नमी मानकों के अनुरूप लेकर आएं।

एचपीवी वैक्सीन के लक्ष्य को हासिल करने की कवायद

अबतक 1553 किशोरियों को लगाई जा चुकी वैक्सीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य विभाग लक्ष्य हासिल करने के लिए लगाएगा मेगा कैंप



जींद। अपनी देखरेख में बच्ची को टीका लगवाते जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. जेके मान। फोटो :हरिभूमि

जींद जिले में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन को लगाने के लक्ष्य हासिल करने के लिए स्वास्थ्य विभाग मेगा वैक्सीन कैंप का आयोजन करेगा। हालांकि वैक्सीन को लेकर कुछ ग्राम पंचायतें अपना विरोध भी जता चुकी हैं। इस विरोध के बीच स्वास्थ्य विभाग अब जागरूकता अभियान तेज करने और मेगा वैक्सीन कैंप आयोजित कर एचपीवी वैक्सीन लक्ष्य को हासिल करेगा। जिला में 28 फरवरी से शुरू हुए अभियान के तहत अबतक 1553 किशोरियों को यह वैक्सीन लगाई जा चुकी हैं। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव का प्रभावी तरीका है, जो भारत में महिलाओं के बीच होने वाले कैंसर का प्रमुख कारण है। राष्ट्रीय स्तर पर केंद्र सरकार ने हाल ही में 14 वर्षीय किशोरियों के लिए मुफ्त एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान शुरू किया है। जींद में यह अभियान 28 फरवरी को शुरू किया गया था। इस अभियान के अंतर्गत ऐसी किशोरियां, जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है तथा 15 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं की है, टीकाकरण के लिए पात्र हैं। इस वैक्सीन का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जो कि बच्चेदानी के मुंह का कैंसर है से सुरक्षित रखना है। ह्यूमन पैपिलोमा वायरस एक सामान्य संक्रमण है, जो महिलाओं के प्रजनन तंत्र को प्रभावित करता है और यही सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण बनता है। यह टीका एचपीवी संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करता है तथा भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में वैक्सीन लगवाने के विरोध के चलते अभियान नही हुआ कामयाब वैक्सीन लगवाने को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में विरोध देखने को मिला। पंचायतों ने ने साफ कहा कि बिना लिखित जिम्मेवारी के किशोरियों को टीका नही लगने दिया जाएगा। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग अभियान में कामयाब नही हो सका। वहीं कई जगहों पर भी अभिभावक अपनी बच्चियों को यह वैक्सीन लगवाने में कतरा रहे हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

मेगा कैंप से हासिल करेंगे लक्ष्य

स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचपीवी वैक्सीन का लक्ष्य हासिल करने के लिए मेगा कैंप आयोजित किए जाएंगे। इसी कड़ी में शुक्रवार को कुल 32 टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया। जिसमें 63 पात्र लाभार्थियों को एचपीवी का टीका लगाया गया है। अबतक 1553 किशोरियों को टीका लगाया जा चुका है।

एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित : डा. जेके मान

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. जेके मान ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित एवं प्रभावी है तथा भारत सरकार द्वारा वैज्ञानिक परीक्षणों के पश्चात इसे स्वीकृति प्रदान की गई है। अभियान के तहत पात्र किशोरियों को टीके की केवल एक डोज दी जाएगी। जो प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा चिकित्सक की देखरेख में लगाई जाएगी। निजी अस्पतालों में यह टीका काफी महंगा होता है लेकिन इस अभियान के अंतर्गत सरकार द्वारा यह वैक्सीन सभी पात्र किशोरियों को निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे अपनी पात्र किशोरियों को अधिक से अधिक संख्या में नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाकर यह टीका अवश्य लगवाएं ताकि कोई भी पात्र किशोरी इस महत्वपूर्ण लाभ से वंचित न रह जाए।



जींद। जिला स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा को सेवानिवृति पर विदाई देते स्वास्थ्य सेवाएं निदेशक डॉ. अनिल बिरला। फोटो :हरिभूमि

39 वर्षों की सेवा बाद जिला स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा हुए सेवानिवृत्त

■ स्वास्थ्य विभाग ने भव्य समारोह मे दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला स्वास्थ्य निरिक्षक राममेहर वर्मा शुक्रवार को 39 वर्षों के सफल एवं सराहनीय सेवाकाल के उपरांत सरकारी सेवा से सेवानिवृत हो गए। उनकी सेवानिवृति के उपलक्ष में सवास्थ्य विभाग के अधिकारियो एवं कर्मचारियो की ओर से नागरिक अस्पताल जींद प्रागण में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह मे स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डा. अनील बिरला विशेष रूप से उपस्थित हुए। अधिकारियो एवं कर्मचारियों ने राममेहर वर्मा की कर्तव्यनिष्ठा, जनसेवा, संघर्षशील व्यक्तित्व और विभाग के प्रति उनके योगदान की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डा. अनिल बिरला ने कहा कि राममेहर वर्मा ने अपने पूरे सेवाकाल मे निर्धारित जिम्मेदारियो से आगे बढ़ कर जनता को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की। उनका कार्यकाल जनसेवा, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का प्रेरणादायक उदाहरण है। बताया कि 2004 मे डा. नरवीर सिंह की अगुवाई में स्वास्थ्य कल्याण समिति के सदस्य के रूप में राममेहर वर्मा ने नागरिक अस्पताल जींद को प्रदेश का रोल मॉडल अस्पताल अनाने मे महत्वपूर्ण योगदान दिया। बताया कि वर्ष 2016 में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के दौरान जिले में गिरते लिंगानुपात को सुधारने के लिए राममेहर वर्मा ने अपने सहयोगी कर्मचारियों के साथ मिल कर अपनी नियमित डयूटी से अतिरिक्त समय देते कम लिंगानुपात वाले गांवों व इलाकों में घर-घर जाकर पांच लाख से ज्यादा लोगों से शपथ पत्र भरवाने का सराहनीय कार्य किया। उल्लेखनीय योगदान के लिए तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने स्वतंत्रता दिवस समारोह मे उन्हे सम्मानित किया था। कोरोना काल के दौरान मरीजों के बीच रहकर पीपी सेंटर की टीम का नेतृत्व किया। घर-घर जाकर संक्रमित मरीजों की देखभाल की व कोरोना से मृत व्यक्तियों के अंतिम सस्कार की व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका का निभाई।

कानूनी अधिकारों के प्रति किया प्रेरित

■ नालसा के सुरक्षित बचपन जागरूकता अभियान का हुआ शुभारंभ



जींद। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जींद पूनम सुनेजा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा रावमावि झांझ कलां में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया । शिविर का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित सिहाग द्वारा किया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को बाल लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम 2012 के संबंध में महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी प्रदान की गई। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को बाल लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम, पोक्सो अधिनियम के संबंध में महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी प्रदान की । विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, सुरक्षा संबंधी कानूनी प्रावधानों तथा किसी भी प्रकार के लैंगिक अपराध अथवा अनुचित व्यवहार की स्थिति में उपलब्ध कानूनी सहायता के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। इस अवसर पर सीजेएम अमित सिहाग ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा एवं उनके अधिकारों का संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ-साथ किसी भी प्रकार के अनुचित व्यवहार के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए भी सजग रहना चाहिए। छात्रों को समझाया कि यदि कोई व्यक्ति उन्हें अनुचित तरीके से छूने का प्रयास करता है, अशोभनीय अथवा आपत्तिजनक बातें करता है उन्हें असहज महसूस कराता है या कोई गलत तस्वीर व वीडियो दिखाता है तो ऐसी स्थिति में घबराने या चुप रहने के बजाय इसकी जानकारी तुरंत अपने माता-पिता, अभिभावक शिक्षक अथवा संबंधित अधिकारी को देनी चाहिए।

बेटियों को सपने पूरे करने के लिए प्रोत्साहित करें : जैन

जरूरतमंदों को भोजन करवाने के कार्य को बताया प्रेरणादायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

उचाना उपमंडल कार्यालय के सामने रामरती मेमोरियल जनहित फाउंडेशन द्वारा संचालित शुद्ध रसोई में सिविल जज जूनियर डिविजन मथुरा महिमा जैन शांडिल्य पहुंची। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंद लोगों को भोजन परोसा और शुद्ध रसोई द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। महिमा जैन शांडिल्य ने कहा कि जरूरतमंद लोगों को मुफ्त में भरपेट भोजन करवाना बहुत बड़ी सेवा भावना है। ओमप्रकाश शर्मा भौंगरा द्वारा संचालित शुद्ध रसोई सराहनीय कार्य कर रही है। यह समाज के अन्य लोगों के लिए भी बड़ी प्रेरणा है। जीवन में भोजन सबसे जंरूरी है। किसी जरूरतमंद को दो वक्त की रोटी उपलब्ध करवाने से बड़ी सेवा कोई नहीं हो सकती। उन्हें भी यहां लोगों को भोजन परोसने का अवसर मिलाए जो उनके लिए खुशी की बात है। शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते कहा कि शिक्षा सबसे जरूरी है। शिक्षा के माध्यम से ही युवा पीढ़ी आगे बढ़ सकती है और देश की प्रगति संभव है। युवा नौकरी करें या नही लेकिन शिक्षित होना उनके जीवन में हमेशा काम आता है। बेटियों की शिक्षा और उनके अधिकारों पर बोलते कहा कि उन्हें गर्व है कि वह एक बेटी होते इस पद तक पहुंची हैं। बेटियां आज किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। प्रधानमंत्री-राष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च पदों तक महिलाएं पहुंच चुकी हैं। अंतरिक्ष से लेकर खेल और शिक्षा के क्षेत्र तक बेटियां देश का नाम रोशन कर रही हैं। अभिभावकों को बेटियों की पढ़ाई के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। इस मौके पर रणधीर श्योकंद, शमशेर श्योकंद, नरेंद्र पालवां और शीलू सोनी मौजूद रहे।



उचाना। शुद्ध रसोई में खाना परसोते सिविल जज जूनियर डिविजन मथुरा महिमा जैन शांडिल्य, ओमप्रकाश शर्मा।



जींद। कार्यशाला में भाग लेते प्राध्यापिकाएं। फोटो :हरिभूमि

महिला विकसित समाज की आधारशिला : डॉ. सीमा

जींद। हिंदू कन्या कालेज के समाजशास्त्र विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं लैंगिक समानता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता प्राचार्या डा. पूनम मोर एवं समाजशास्त्र विभागाध्यक्षा डा. ज्योति ने किया। कार्यशाली की मुख्य प्रवक्ता दयानंद महिला महाविद्यालय कुरूक्षेत्र की असिस्टेंट प्रो.डा. सीमा सिंह रही। डा. सीमा सिंह ने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण एवं लैंगिक समानता पर बहुत ही प्रभावशाली तरीके से समझाया कि महिला सशक्तिकरण एक मजबूत, शिक्षित और विकसित समाज की आधारशिला है। आज महिलाएं शिक्षा, राजनीति, विज्ञान एवं प्रशासन और व्यवसाय सहित प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का प्रदर्शन कर रही हैं लेकिन उसके बावजूद समाज के कई हिस्सों में महिलाओं को भेदभाव, घरेलू हिंसा, असमान अवसरों और आर्थिक निर्भरता जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से देखें तो लैंगिक असमानता केवल व्यक्तिगत समस्या नही बल्कि सामाजिक संरचना, परंपराओं और रूढ़िवादी विचारों से जुड़ी हुई है।

गौतम सत्यराज की सांझी कला को मिला भारतीय रिकॉर्ड प्रमाणपत्र

■ सांझी उत्सव में हरियाणवी लोककला की अनूठी छटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय कालेज में सांझी कला एवं हरियाणवी लोक संस्कृति को समर्पित भव्य सांझी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री के ओएसडी गजेंद्र फोगाट ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यअतिथि ने संबोधन में हरियाणवी लोककला, संगीत और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण पर जोर दिया। कहा कि



हरियाणा की लोक संस्कृति हमारी पहचान है और इसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। कार्यक्रम प्राचार्य एवं जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी सत्यवान मलिक की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में अपनी लोक परंपराओं के प्रति जागरूकता और सम्मान की भावना विकसित करते हैं। इस अवसर पर जींद जिले के गांव ढिगाना निवासी सांझी कलाकार गौतम सत्यराज की विशेष उपलब्धि भी चर्चा का केंद्र रही। उन्हें उनकी उत्कृष्ट सांझी कला के लिए इंडियन रिकॉर्ड की ओर से प्रमाणपत्र प्रदान किया है। प्रमाणपत्र के अनुसार उनकी कलाकृति को वर्ष 2026 की सर्वश्रेष्ठ कला तथा सबसे बड़ी सांझी कला के रूप में मान्यता दी गई है। यह उपलब्धि हरियाणा की लोककला और सांस्कृतिक विरासत के लिए गौरव का विषय है। वरिष्ठ प्रवक्ता डा. लाभ सिंह,कॉलेज प्राध्यापकगण कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते एडीसी प्रदीप कुमार। फोटो :हरिभूमि

साहित्य समाज को नई दिशा देने का सशक्त माध्यम

जींद। हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमीए पंचकूला के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी साहित्य प्रेरक संस्था जींद द्वारा सीआरएसयू विश्वविद्यालय के स्व. डा. हरिचंद मिड्ढा ऑडिटोरियम में साहित्य अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में एडीसी प्रदीप कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान पुस्तक लोकार्पण एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें साहित्य और संस्कृति से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया तथा कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को भावविभोर किया। एडीसी ने कहा कि साहित्य किसी भी समाज की वैचारिक समृद्धि, सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक चेतना का आधार होता है। साहित्यकार अपनी लेखनी के माध्यम से समाज की वास्तविक परिस्थितियों को उजागर करने के साथ-साथ लोगों को सकारात्मक सोच अपनाने और सामाजिक मूल्यों से जुड़ने की प्रेरणा देते हैं। साहित्य केवल मनोरंजन का साधन नहीं है बल्कि यह व्यक्ति के विचारों व्यवहार और जीवन दृष्टिकोण को भी प्रभावित करता है।

शिकायतों पर स्पष्ट एवं तथ्यात्मक जवाब के साथ अपलोड करें एटीआर

सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निपटान सुनिश्चित करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



लघु सचिवालय के सभागार में शुक्रवार को सीएम विंडो ऑनलाइन ग्रीवेंस मॉनिटरिंग एंड रिड्रेसल सिस्टम की समीक्षा बैठक उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की । बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उनका गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि शिकायतों के निपटान के बाद पोर्टल पर अपलोड की जाने वाली एटीआर स्पष्ट, तथ्यात्मक और पूरी जानकारी के साथ होनी चाहिए ताकि शिकायत पर की गई कार्रवाई, संबंधित तथ्यों और उसके वर्तमान स्थिति की पूरी जानकारी स्पष्ट रूप से समझ में आ सके। केवल औपचारिकता पूरी करने के लिए अधूरी या अस्पष्ट रिपोर्ट अपलोड न की जाए। इससे पहले चंडीगढ़ से हरियाणा सरकार की अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. सुमिता मिश्रा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों को सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों के प्रभावी निपटान और मॉनिटरिंग को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने निर्देश दिए कि प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सभी विभागाध्यक्ष अपने-अपने विभाग से संबंधित सीएम विंडो शिकायतों की अनिवार्य रूप से समीक्षा करें। लंबित शिकायतों की स्थिति की जांच करें और जहां भी कार्रवाई अपेक्षित है, उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा शिकायतकर्ता को उसकी समस्या के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

ये रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि सीएम विंडो आमजन की समस्याओं और शिकायतों के समाधान का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसलिए सभी अधिकारी इसे पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ लें। शिकायत का उचित समाधान करना और उसकी कार्रवाई की स्पष्ट जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध करवाना प्रत्येक संबंधित विभाग की जिम्मेदारी है। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार, सीटीएम मोनिका सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



नरवाना। माडल संस्कृति स्कूल में शिक्षक अभिभावक बैठक सम्पन्न।

अभिभावकों के बीच संवाद-समन्वय अत्यंत आवश्यक

नरवाना। राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि बेलरखा में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, परीक्षा परिणाम तथा विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में शिक्षकों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया कि बैठक के दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों को विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम एवं विषयवार प्रदर्शन की जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों के आगामी शैक्षणिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए गए। अभिभावकों ने भी अपने विचार सांझा किए और बच्चों की शिक्षा में सक्रिय सहयोग देने का आश्वासन दिया। प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने अभिभावकों से चर्चा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और बेहतर शैक्षणिक परिणामों के लिए विद्यालय एवं अभिभावकों के बीच निरंतर संवाद और समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की नियमित पढ़ाई, उपस्थिति और अनुशासन पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया।

खबर संक्षेप



प्रधानमंत्री के प्रति अमर्यादित भाषा का किया कड़ा विरोध

कैथल। भाजपा महिला मोर्चा की जिला सचिव निधि मोहन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति विपक्षी नेताओं द्वारा की जा रही अमर्यादित भाषा और अभद्र टिप्पणियों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश के करोड़ों नागरिकों के विश्वास और जनादेश का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग करना न केवल एक संवैधानिक पद की गरिमा के खिलाफ है, बल्कि लोकतांत्रिक परंपराओं और राजनीतिक शिष्टाचार का भी अपमान है। निधि मोहन ने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक विरोध और वैचारिक मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन विरोध के नाम पर व्यक्तिगत टिप्पणियां करना और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना किसी भी स्थिति में उचित नहीं है।

प्रतियोगिता में बच्चों ने किया प्रतिभा प्रदर्शन

कैथल। जिला बाल कल्याण अधिकारी बलबीर चौहान ने बताया कि डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में बाल दिवस 2026 की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन बाल भवन, कैथल के प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

छात्राओं ने दी साहित्यिक विषयों पर प्रस्तुतियां

कैथल। चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय पूंडरी में बुधवार को फैकल्टी एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत सेमिनार एवं पावरपॉइंट प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें डीएवी कॉलेज, पूंडरी के अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. रितु रानी ने शैक्षणिक भ्रमण किया।

राज्य के गठन की हीरक जयंती होगी विशेष

कैथल। डीसी अपराजिता ने कहा कि एक नवंबर का हरियाणा राज्य के गठन की हीरक जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10 बजे आरकेएसडी कॉलेज के हॉल में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिला परिषद के सीईओ गुलजार मलिक होंगे। इसके अलावा जिन-जिन अधिकारियों को ड्यूटियां सौंपी गई है, वह अपनी ड्यूटी का निर्वहन अच्छे से करें और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

कैथल में आम आदमी पार्टी को मिली मजबूती

कैथल। आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय कैथल में प्रदेश उपाध्यक्ष रणबीर सिंह लोहान के पहुंचने पर जिला अध्यक्ष जगमग मटौर और युवा जिला अध्यक्ष अमन ढूंढवा के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने उनका स्वागत किया। अजय राठी दिवाल के नेतृत्व में अजय दिवाल, अंकित दिवाल, अभिषेक, अशोक धुंधरेहड़ी, योगेश, प्रिंस डोहर, अंकित पिहोवा, यशप्रीत कैथल सहित करीब 15 युवाओं ने सदस्यता ग्रहण की।

प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

ओएसडीएवी का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 74 पदकों के साथ शानदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

कैथल। खेलों में अव्वल रहे विद्यार्थी प्रधानाचार्य अंजु तलवाड़ के साथ।



कैथल। विजेता खिलाड़ियों के साथ प्रिंसिपल गजेंद्र कुमार। *फोटो: हरिभूमि*

नई दिल्ली में 24 से 26 अक्टूबर 2026 तक डीएवी प्रबंधन की ओर से आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय डीएवी खेल प्रतियोगिता में ओएसडीएवी. पब्लिक स्कूल, कैथल के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, परिश्रम और खेल कौशल का उत्कृष्ट परिचय देते हुए विद्यालय एवं हरियाणा प्रदेश का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के डीएवी विद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हरियाणा की ओर से ओएसडीएवी विद्यालय के 135 खिलाड़ियों ने 14 खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कुल 74 पदक अर्जित किए। इनमें 33 स्वर्ण, 17 रजत एवं 24 कांस्य पदक शामिल हैं। कैथल पहुंचने पर विजेता खिलाड़ियों का अभिभावकों व समस्त स्कूल स्टाफ सदस्यों ने पुष्प मालाओं और ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। खिलाड़ियों ने वेटलिफ्टिंग, नेटबॉल, बास्केटबॉल, स्क्वैश, स्केटिंग, बॉक्सिंग, जूडो, योग, हैंडबॉल, टेबल टेनिस एवं शूटिंग सहित विभिन्न खेलों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कीं। इससे पहले भी विजेता खिलाड़ियों ने स्कूल खेल प्रतियोगिता, सीबीएसई नेशनल अन्य प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर पदक हासिल किए हैं। यह शानदार सफलता खिलाड़ियों के अथक परिश्रम, अनुशासन, दृढ़ संकल्प और निरंतर अभ्यास का प्रतिफल है।

उपलब्धि पर प्रधानाचार्या ने दी बधाई

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ ने कहा कि समय जीवन की सबसे मूल्यवान पूंजी है और जो व्यक्ति समय के महत्व को समझकर उसका सदुपयोग करता है, वही सफलता के शिखर तक पहुँचता है। हमें केवल समय बिताना नहीं, बल्कि प्रत्येक क्षण को सार्थक बनाकर स्वयं को मूल्यवान बनाना सीखना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, आत्मानुशासन और सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय खिलाड़ियों की लगन, प्रशिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के निरंतर सहयोग को देते हुए सभी के प्रयासों की सराहना की। 74 पदकों की यह उपलब्धि केवल जीत का आँकड़ा नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण, सामूहिक प्रयास और उत्कृष्टता की ओर निरंतर बढ़ते कदमों का प्रतीक है।

करारे में कृतिका, विराट ने मारी बाजी

- अंडर-17 वॉलीबॉल में छात्राओं ने भी हासिल किया स्वर्ण

कैथल। दिल्ली और नोएडा में 24 से 26 अक्टूबर तक आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। करारे प्रतियोगिता में कृतिका, विराट, नैनीश और अनन्या ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। वहीं ऐशा रानी ने रजत और समायरा ने कांस्य पदक हासिल किया। इसी प्रकार वॉलीबॉल अंडर-17 आयु वर्ग की लड़कियों की प्रतियोगिता में परी, अंशिका, सुजैन, अलिशा, श्रेया और हिमांशी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मुकाबला कड़ा रहा, लेकिन खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन से स्कूल और उनके अभिभावकों का नाम रोशन हुआ।

मणिपुर में शिवम शर्मा ने थांग-ता चैंपियनशिप में रचा इतिहास

- विश्वविद्यालय एवं हरियाणा का नाम रोशन कर बढ़ाया गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

मणिपुर की राजधानी इंफाल में मणिपुर स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय थांग-ता चैंपियनशिप 2026-27 में एनआइआइएलएम विश्वविद्यालय, कैथल के प्रतिभाशाली खिलाड़ी शिवम शर्मा ने अपने शानदार खेल प्रदर्शन से एक नई उपलब्धि हासिल की है। शिवम शर्मा को प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, तकनीकी कौशल, आत्मविश्वास और खेल भावना के लिए बेस्ट फाइटर के प्रतिष्ठित खिताब से सम्मानित किया गया। शिवम शर्मा ने प्रतियोगिता के दौरान अपने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों के विरुद्ध बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उनका यह सम्मान विश्वविद्यालय के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस उपलब्धि से न केवल विश्वविद्यालय बल्कि पूरे हरियाणा प्रदेश का नाम गौरवान्वित हुआ है।

प्रबंधन ने दी बधाई

शिवम शर्मा की इस शानदार उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के चेयरमैन संदीप चहल, बलराज ढांडा, डॉ. संदीप चहल, प्रो. आर सी कुहाड़, प्रो. देविंदर सिंह ढुल तथा कुलसचिव डॉ. आरके गुप्ता ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस उपलब्धि के पीछे शिवम शर्मा की मेहनत के साथ-साथ विश्वविद्यालय के खेल एवं शारीरिक शिक्षा विभाग का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। विश्वविद्यालय की खेल निदेशक श्रीमती मीनू राणा, टीम प्रशिक्षक एवं कोच नितेश बागड़ी तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. मनदीप कुमार सहित संबंधित कोच एवं सहयोगी स्टाफ ने खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और तैयारी में अहम भूमिका निभाई। विश्वविद्यालय की खेल प्रतिभाओं और बेहतर खेल प्रशिक्षण व्यवस्था का प्रमाण है। विश्वविद्यालय भविष्य में भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है।

बाल भवन, कैथल में जिला स्तरीय गायन प्रतियोगिता में एमडीएन ग्लोबल स्कूल का दबदबा



कैथल। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद, कैथल द्वारा बाल भवन में आयोजित जिला स्तरीय गायन प्रतियोगिता में एमडीएन ग्लोबल स्कूल के दो विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के तीसरे समूह की हरियाणवी रागनी स्पर्धा में एमडीएन ग्लोबल स्कूल के छात्र आरव गर्ग ने अपनी सुरीली आवाज और बेहतरीन प्रस्तुति से न्यायाधीशों को मंत्रमुग्ध कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, इसी समूह की सोलो गायन (एकल गायन) स्पर्धा में छात्र दीप ग्रोवर ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया।

एक्सटेंशन लेक्चर में दी इतिहास की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय, कलायत (कैथल) में एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्लेसमेंट सेल एवं इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य के निर्देशानुसार प्लेसमेंट सेल प्रभारी शीला देवी की देख रेख में हुआ ।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रश्मि, हिंदू कन्या महाविद्यालय, जींद को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में विस्तार व्याख्यान का शीर्षक "इतिहास में रोजगार के अवसर" रखा गया। जिसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को इतिहास विषय में उपलब्ध रोजगार के विभिन्न अवसरों एवं संभावनाओं से अवगत कराना था। व्याख्यान के दौरान बताया गया कि इतिहास विषय केवल शिक्षण कार्य तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें पुरातत्व विभाग, संग्रहालय, अभिलेखागार, पर्यटन विभाग, शोध कार्य, सिविल सेवा, पत्रकारिता तथा विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में रोजगार की अनेक संभावनाएँ उपलब्ध हैं। साथ ही कार्यक्रम में डॉ. रश्मि ने छात्राओं को यूजीसी-नेट जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण करने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की।



कैथल। मुख्य वक्ता डॉ. रश्मि छात्राओं को संबोधित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील गर्ग ने कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उनके भविष्य के करियर निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्राओं को अपने विषय से संबंधित रोजगार के अवसरों की जानकारी प्राप्त करने तथा अपने कौशल का विकास करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन हिंदी प्राध्यापिका रितु एवं अंत में धन्यवाद इतिहास प्राध्यापक विक्रम ने किया। वाणिज्य प्राध्यापक डॉ. प्रदीप ने कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग दिया।

पुलिस शहीदी स्मृति दिवस मनाया

- पुलिस लाइन कैथल में पुलिस द्वारा प्रयुक्त किए जाने वाले हथियारों की प्रदर्शनी लगाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

पुलिस विभाग द्वारा पुलिस शहीदी स्मृति दिवस के उपलक्ष में 21 से 31 अक्टूबर तक चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की कडी दौरान शुक्रवार को पुलिस लाइन कैथल में पुलिस द्वारा प्रयुक्त किए जाने वाले हथियारों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें स्कूली बच्चों, पुलिस कर्मचारियों-अधिकारियों तथा आमजन द्वारा हिस्सा लेते हुए प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि कैथल पुलिस शस्त्रागार शाखा द्वारा पुलिस लाइन कैथल में शहीदों की याद में पुलिस द्वारा प्रयुक्त किए जाने वाले हथियारों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसके दौरान पुलिस लाईन प्रबंधक इंस्पेक्टर दर्पण, केएचसी एएसआई कृष्ण, आरमोरर एएसआई राजेश कुमार, सीडीआई एएसआई अजय, वेलेफेयर ब्रांच से एएसआई विकास कुमार तथा पुलिस लाईन एमएचसी कपिल सहित अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे। एसपी ने बताया कि प्रदर्शनी में शामिल पुलिस द्वारा प्रयुक्त किए जा रहे हथियारों में गलोक पिस्टल, पिस्टल 9 एमएम, रिवाल्वर 38, सिंक, एके 47, एसएलआर तथा थ्री नोट थ्री नामक हथियारों को दिखाया गया।



कैथल। पुलिस द्वारा प्रयुक्त किए जाने वाले हथियारों की लगाई गई प्रदर्शनी।

शिकायतों का समय से करें समाधान

- डीसी अपराजिता ने की समाधान शिविरों में प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

डीसी अपराजिता ने कहा कि समाधान शिविरों में आने वाली समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनते हुए उनका उचित समाधान करवाएं। इस कार्य में कोई भी लापरवाही न बरती जाए। शिकायतों का निपटारा इस प्रकार किया जाए कि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके। समाधान उपरांत पोर्टल पर एटीआर अवश्य दर्ज करवाई जाए। डीसी अपराजिता शुक्रवार को जिला स्तर पर समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा कर रही थीं। इससे पहले वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यस्तर पर समाधान शिविर में आई शिकायतों की समीक्षा की।



कैथल। डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

डीसी ने अफसरों को दिए जरूरी निर्देश

डीसी अपराजिता ने कहा कि जिन शिकायतों के समाधान के बाद उन्हें दोबारा खोला जाता है, उन पर अधिकारी विशेष ध्यान दें। शिकायतों का निपटारा केवल पोर्टल पर कार्रवाई दर्ज करने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि समस्या का स्थायी और संतोषजनक समाधान किया जाना चाहिए। संबंधित अधिकारी शिकायत की पूरी जांच करें और सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई करें।

धुंध के मौसम से पहले सड़कों पर सफेद पट्टी के कार्य में तेजी लाएं : डॉ. सुशील कुमार

- आमजन को नहीं होनी चाहिए कोई परेशानी
- एडीसी ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने कहा कि सर्दी का मौसम शुरू हो रहा है और आगे धुंध बढ़ने लगेगी, इसलिए सड़कों पर कोई दुर्घटना न हो, इसलिए सड़क के दुरुस्तीकरण कार्य के साथ-साथ साइन बोर्ड, सफेद पट्टी आदि कार्य समय पर करवाना सुनिश्चित करें। वन विभाग सड़कों पर आई हुई टहनियों की छंटनी करवाना सुनिश्चित करें ताकि आवागमन में किसी को कोई परेशानी न हो। इस कार्य में कोई भी लापरवाही न बरती जाए। एडीसी डॉ. सुशील कुमार शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। एडीसी ने एजेंडे वाइज बिंदुओं पर चर्चा की। एडीसी ने कौल सड़क, पूंडरी से काकौत, पूंडरी-करनाल रोड, ढांड चौक, लघु सचिवालय से ढांड रोड, मटरवाखेड़ी व अन्य सड़कों की समीक्षा करते हुए कहा कि जहां कार्य चल रहा है, उस कार्य में तेजी लाएं। इसका निरीक्षण भी करें कि जो कार्य किया जा रहा है वह गुणवत्तापरक हो। उन्होंने लोक निर्माण विभाग तथा जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूंडरी शहर में करनाल रोड पर सड़क की हालत काफी खराब है, इसलिए इस कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा करवाएं। चीका रोड अर्जुन नगर के पास सड़क दुरूस्त के साथ-साथ ओवर फ्लो होने वाले पानी की सही निकासी संबंधित विभाग द्वारा की जाए।



कैथल। एडीसी डा. सुशील कुमार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

एमएसएमई इकाइयों को राष्ट्रीय कौशल विकास से जोड़ने के लिए हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

सीटीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एमएसएमई इकाइयों को राष्ट्रीय कौशल विकास एवं अप्रेंटिसशिप फ्रेमवर्क से जोड़ने से न केवल उद्योगों को प्रशिक्षित एवं कुशल मानव संसाधन उपलब्ध होगा, बल्कि युवाओं को भी अपनी योग्यता एवं कौशल के अनुरूप रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। इस अवसर पर राजकीय आईटीआई कैथल के एपीओ पंकज , श्रीराम, रितेश सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

सीटीएम कैप्टन प्रमेश सिंह शुक्रवार को लघु सचिवालय के वीडियो कांफ्रेंस हॉल में एमएसएमई से संबंधित योजना की बैठक के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे रहे थे। इस दौरान हरियाणा सरकार के युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. जी. अनुपमा प्रदेश के उपायुक्तों को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को राष्ट्रीय कौशल विकास एवं अप्रेंटिसशिप फ्रेमवर्क के साथ एकीकृत करना तथा प्रदेश में कौशल विकास एवं रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए।



कैथल। सीटीएम एमएसएमई से संबंधित योजना की बैठक लेते हुए।

कार्यक्रम विकास कार्यों पर संबंधित विभागों के अधिकारी निरंतर रखें निगरानी : सतपाल

विधायक ने शहर व विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ों के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

पूण्डरी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देते हुए विधायक सतपाल जाम्बा ने शुक्रवार को लगभग 16 करोड़ 84 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया। इन विकास कार्यों में गाँव फतेहपुर, नगर पालिका पूण्डरी, गांव बदनारा और गांव फरल में सीवरेज, गलियों की मरम्मत, सड़क निर्माण, रास्तों तथा सिंचाई व्यवस्था से जुड़े कार्य शामिल हैं। शिलान्यास किए गए कार्यों में गांव फतेहपुर में 3 करोड़ 16 लाख रुपये, नगर पूण्डरी में 42 लाख 57 हजार रुपये, 14 लाख 64 हजार रुपये और 32 लाख 34 हजार रुपये के तीन अलग-अलग कार्य, गाँव बदनारा में 9 करोड़ 62 लाख रुपये तथा गाँव फरल में 3 करोड़ 16 लाख रुपये के विकास कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर विधायक सतपाल जाम्बा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि ये सभी कार्य टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से संबंधित कार्य एजेंसियों को आवंटित किए गए हैं।



पूंडरी। विधायक सतपाल जाम्बा विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए।

समय-सीमा के भीतर पूरे हो विकास कार्य

विधायक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरे करके संबंधित एजेंसियां विभाग को सौंपें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। सामग्री की गुणवत्ता, निर्माण के मानकों और कार्य की मजबूती पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि उनकी टीम द्वारा भी सभी विकास कार्यों की गुणवत्ता की लगातार निगरानी एवं जांच की जा रही है। किसी भी स्तर पर लापरवाही, घटिया निर्माण सामग्री या निर्धारित मापदंडों की अनदेखी सामने आने पर संबंधित कार्य एजेंसी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करवाई जाएगी।

खबर संक्षेप

सफीदों में आज होगी रन फॉर यूनिटी

जींद। सफीदों एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि 31 अक्टूबर को लौह पुरुष एवं राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और आपसी भाईचारे का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सफीदों में उपमंडल स्तरीय रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ सुबह सात बजे से 8 बजे तक आयोजित होगी। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, युवाओं और आम नागरिकों की भागीदारी रहेगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का शुभारंभ रामलीला ग्राउंड से होगा। दौड़ नए बस स्टैंड होते हुए लघु सचिवालय परिसर में पहुंचेगी।

एक नवंबर को मनाया जाएगा हरियाणा दिवस

जींद। नगराधीश मोनिका रानी ने बताया कि एक नवंबर को स्थानीय सीआरएसयू के सभागार में हरियाणा दिवस के उपलक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हरियाणा दिवस के कार्यक्रम को भव्य बनाने में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। हरियाणवी परम्परा से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होनी चाहिए। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति को लेकर विभिन्न शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिये। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

हादसों को न्योता दे रहे सड़क की ओर झुके सफेदे के पेड़

राजौंद। राजौंद-पुंडरी मार्ग पर गांव संतोख माजरा के पास सड़क किनारे लगे सफेदे के पेड़ तेज आंधी के बाद सड़क की ओर झुक गए हैं। कई दिनों से इसी स्थिति में खड़े ये पेड़ किसी भी समय सड़क पर गिरकर बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। इसके बावजूद संबंधित विभाग की ओर से इन्हें हटाने या सीधा करने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

राहगीरों और आसपास के लोगों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व रात के समय आए तूफान के दौरान सफेदे के पेड़ सड़क की तरफ झुक गए थे। तब से ये पेड़ इसी हालत में हैं। ऐसे में सड़क की ओर झुके पेड़ों के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग

दिल्ली में 1 नवंबर की महारैली की तैयारियों में जुटे कांग्रेसी

जिला ऑब्जर्वर पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह गिल्लाखेड़ा, कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला व जिलाध्यक्ष रामचन्द्र गुर्जर ढांड ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह गिल्लाखेड़ा और विधायक आदित्य सुरजेवाला कार्यकर्ताओं के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

किसान भवन, कैथल में आयोजित कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मीटिंग में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तरफ से कैथल जिला ऑब्जर्वर पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह गिल्लाखेड़ा और कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला ने लोकतंत्र पर मंडरा रहे खतरे के खिलाफ जोरदार आवाज उठाई। दोनों नेताओं ने 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला ग्राउंड में होने वाली 'वोट बचाओ-लोकतंत्र बचाओ' महा रैली में कैथल जिले के लोगों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के तत्काल इस्तीफे की मांग दोहराई।

जिला ऑब्जर्वर प्रहलाद सिंह गिल्लाखेड़ा ने कहा कि देश में वोट चोरी का खेल खुलेआम चल रहा है। मतदाता सूचियों से करोड़ों नाम काटे जा रहे हैं, नियमों को ताक पर रखकर चुनाव आयोग को सत्ता के हित में इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयोग की गरिमा और निष्पक्षता को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। अब देश जवाब देने के लिए तैयार है। 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला ग्राउंड में राहुल गांधी के नेतृत्व में होने वाली इस रैली में हरियाणा के कोने कोने और कैथल जिले से बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगे। यह रैली सिर्फ विरोध नहीं, बल्कि लोकतंत्र बचाने का संकल्प है। कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला ने किसानों, युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वोट हमारा सबसे बड़ा अधिकार है। इसे चुराने की कोशिश किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी ने पूरे देश को इस लड़ाई में एकजुट करने का आह्वान किया है। कैथल और पूरे हरियाणा के लोग 1 नवंबर को रामलीला ग्राउंड पहुंचकर साबित करेंगे कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए वे तैयार हैं। जिलाध्यक्ष रामचन्द्र गुर्जर ढांड ने कहा कि कैथल जिला कांग्रेस इस महा रैली को सफल बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। जिले के हर ब्लॉक और गांव से कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचेंगे।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला कांग्रेस संगठन महासचिव सुरेंद्र रांझा, कर्मबीर शर्मा खुराना, रोशन पाड़ला, दर्शन खनौदा, जयपाल शर्मा, राजेंद्र रूहल, अनिल गुर्जर आदि मौजूद रहे।

एक नवंबर की वोट बचाओ, देश बचाओ महारैली में उमड़ेगा जनसैलाब : दनौदा



राममेहर दनौदा।

उचाना। कांग्रेस नेता राममेहर दनौदा ने कहा कि एक नवंबर को दिल्ली में होने वाली वोट बचाओ देश बचाओ महारैली में भारी जनसैलाब उमड़ेगा। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर इंडिया गठबंधन से जुड़े दलों द्वारा इस महारैली का आयोजन किया जा रहा है। आज देश में प्रजातंत्र खतरे में है और इसे बचाने के लिए हर वर्ग के लोग आगे आ रहे हैं। दनौदा ने आरोप लगाया कि महारैली में लोग न पहुंचें इसके लिए भाजपा तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है लेकिन इन प्रयासों का रैली पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने दावा किया कि इस महारैली के बाद भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी और भविष्य में जहां भी चुनाव होंगे वहां भाजपा को सत्ता से बाहर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। यह मांग केवल राजनीतिक दलों के नेताओं की नहीं बल्कि देश के आम लोगों की भी है। दनौदा ने कहा कि भाजपा की नीतियों और कार्यप्रणाली को लेकर अब जनता के सामने कई सवाल उठ रहे हैं।

कार्तिक मास के चौथे दिन श्रद्धा के साथ निकली प्रभात फेरी, कई जगह स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद



राजौंद। कार्तिक मास के चौथे दिन शिव दुर्गा मंदिर से निकली प्रभात फेरी में भजन-कीर्तन करते श्रद्धालु।

कार्तिक मास के उपलक्ष्य में शिव दुर्गा मंदिर कमेटी एवं महिला संकीर्तन मंडली की ओर से निकाली जा रही प्रभात फेरी के चौथे दिन भी श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे शिव दुर्गा मंदिर से प्रभात फेरी का शुभारंभ हुआ।

बड़ी संख्या में श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए प्रभात फेरी में शामिल हुए। प्रभात फेरी नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान श्रद्धालु धार्मिक भजनों का गुणगान करते हुए भगवान का स्मरण करते रहे। प्रभात फेरी के मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमी लोगों ने स्वागत किया। धार्मिक जयघोष से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। प्रभात फेरी के मंदिर परिसर में पहुंचने के बाद विधिवत आरती की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इसके अलावा जींद रोड स्थित केशव माधव गोशाला की ओर से भी कार्तिक मास को लेकर प्रभात फेरी निकाली जा रही है। गोशाला से निकलने वाली प्रभात फेरी में भी श्रद्धालु बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।। श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हैं और भगवान का गुणगान करते हैं।

सीटू मजदूर व स्कीम वर्कर दिसम्बर में तीन दिनों के लिए पड़ाव डालेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। तीन दिवसीय पड़ाव का ऐलान करती आशा वर्कर।

कौल महिला मंडल भवन में कौल एरिया की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता , आशा वर्कर ,वन मजदूर यूनियनों की वर्करों की एक बैठक सुषमा व सविता कौल की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू जिला के नेता जयप्रकाश शास्त्री ने बताया कि सीटू मजदूर संगठन एक से तीन दिसम्बर तक दिल्ली रामलीला मैदान में पड़ाव डालेगा व संसद मार्च भी करेगा। उन्होंने बताया कि स्कीम वर्कर लम्बे समय से अलग-अलग विभागों में अपनी सेवाएं दे रही हैं, कुपोषण दूर करने , स्वास्थ्य बारे जागरूक करने व अनौपचारिक शिक्षा देने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन न तो उन्हें मजदूर माना जाता और न ही कर्मचारी माना जाता। स्वयंसेवी या सामाजिक कार्यकर्ता कहकर उनकी मांगों को नकार दिया जा रहा है। बहुत मामूली से मानदेय से वे परिवारों का गुजारा नही कर पा रही है, महंगाई आसमान को छू रही है। पिछले आठ सालों से केन्द्र सरकार ने उनके वेतन में एक भी पैसे की बढ़ोतरी नही की है । वन मजदूर, ग्रामीण सफाई कर्मचारी, चौकीदार, मनरेगा भट्ठा मजदूर आदि सभी शोषण का शिकार हैं । वे लम्बे समय से मांग कर रहे हैं कि उन्हें पक्के कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। इस अवसर पर ढांड ब्लाक सीटू तालमेल कमेटी भी गठित की गई जिसमें सुषमा ,प्रकाशो, सुनीता कठवाड, बबली संगरोली, सविता वर्मा, ममता ढांड, अलिशेर, रामकुमार कौल ,अजय पबनावा को शामिल किया गया है।

उचाना अस्पताल का किया स्वास्थ्य सेवाएं निदेशक ने औचक निरीक्षण

- करसिंधु पीएचसी को सीएचसी में अपग्रेड करने की संभावनाओं को लेकर किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना



उचाना। नागरिक अस्पताल के औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे स्वास्थ्य सेवाएं निदेशक डॉ. अनिल बिरला। *फोटो :हरिभूमि*

स्वास्थ्य सेवाएं निदेशक डॉ. अनिल बिरला ने शुक्रवार को उचाना नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की इमरजेंसी सेवाओं, लेबर रूम, ऑपरेशन थियेटर, आयुष्मान विंग और विभिन्न वार्डों का जायजा लिया। इसके बाद डॉ. अनिल बिरला ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करसिंधु का दौरा किया। पीएचसी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में अपग्रेड करने की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यहां इमरजेंसी, लेबर रूम, प्रयोगशाला और वार्डों का निरीक्षण किया। डिस्पेंसरी में दवाइयों के वितरण की व्यवस्था भी जांची। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के सभी रिहायशी भवनों का निरीक्षण किया। उन्होंने आमजन को उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस अवसर पर डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. दिनेश, एसएमओ डॉ. सुशील गर्ग, डॉ. राजेश मित्तल और राज सिंह मौजूद रहे।

निपुण मिशन में शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

- उचाना में जिला समन्वयक और पिल्लूखेड़ा में मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते हुए अध्यापिकाएं। *फोटो : हरिभूमि*

निपुण हरियाणा मिशन के तहत सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत बनाने के उद्देश्य से चल रहे छह दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का विभिन्न खंडों में अधिकारियों द्वारा अवलोकन किया जा रहा है। इसी कड़ी में खंड उचाना में एफएलएन जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। जबकि खंड पिल्लूखेड़ा में मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी कल्याणी यादव ने प्रशिक्षण की गतिविधियों का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने प्रशिक्षण में अध्यापकों व मास्टर ट्रेनरों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए इसे निपुण मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। एफएलन जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने कहा कि खंड उचाना में छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को पहला दिन था। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना मंडी में प्रशिक्षण के दौरान 80 प्राथमिक शिक्षकों ने भाग लिया। खंड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश ने कहा कि निपुण हरियाणा केवल एक कार्यक्रम नही बल्कि एक मिशन है।

सर्वांगीण विकास जरूरी

पिल्लूखेड़ा में प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन करने पहुंची मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी कल्याणी यादव ने कहा कि निपुण मिशन के अंतर्गत बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। यह देखकर अच्छा लगा कि शिक्षा विभाग बच्चों के शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने के साथ-साथ उनके समग्र विकास पर भी निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में अध्यापकों की रुचि के साथ भागीदारी होना खुशी का विषय है। हमारा लक्ष्य 2027 तक खंड उचाना के कक्षा पहली से तीसरी तक के प्रत्येक बच्चे को निपुण बनाना है। बच्चे को केवल किताबी ज्ञान नहीं बल्कि खेल-खेल में, गतिविधि आधारित शिक्षण से सिखाना है।

सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्तियों को न बनाएं फ्रेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



एसपी मनप्रीत सिंह सूदन

आधुनिक तकनीक के इस दौर में सोशल मीडिया हमारे दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। जहां यह लोगों को जोड़ने और जानकारी साझा करने का एक सशक्त माध्यम है, वहीं इसका गलत या लापरवाहीपूर्ण उपयोग कई बार परेशानी का कारण भी बन जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए कैथल पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन ने आमजन को सोशल मीडिया के सुरक्षित व जिम्मेदार उपयोग के लिए एडवाइजरी जारी की है।

एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग करते समय हमेशा सतर्क रहें और किसी भी अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें। कई साइबर अपराधी फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों को जाल में फंसा लेते हैं और उनकी निजी जानकारी का दुरुपयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर साझा की जाने वाली फोटो, वीडियो या व्यक्तिगत जानकारी गलत हाथों में जाकर अपराध का माध्यम बन सकती है, इसलिए सोच-समझकर ही कोई पोस्ट या जानकारी शेयर करें। सोशल मीडिया अकाउंट का पासवर्ड मजबूत रखें और उसे समय-समय पर बदलते रहें। अकाउंट में टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करें ताकि कोई अनधिकृत व्यक्ति उसमें प्रवेश न कर सके।

पेंशनरों को नवंबर माह में जमा करवाने होंगे जीवित प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

घर बैठे भी जमा करवा सकते हैं जीवित प्रमाण पत्र

पेंशनरों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए घर बैठे जीवित प्रमाण पत्र जमा करवाने की व्यवस्था भी उपलब्ध करवाई गई है। इसके तहत पेंशनर मोबाइल फेस एप, पोस्ट ऑफिस अथवा नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) की सहायता से ऑनलाइन अपना जीवित प्रमाण पत्र जमा करवा सकते हैं। इसकी पूरी प्रक्रिया वीडियो सहित हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में संबंधित पोर्टल के लॉग इन पेज पर उपलब्ध है।

जिला खजाना अधिकारी हजारा सिंह ने बताया कि जिला जींद के सदर खजाना कार्यालय तथा इसके अधीनस्थ उप खजाना कार्यालय जुलाना, नरवाना, पिल्लूखेड़ा, उचाना, सफीदों एवं अलेवा में हरियाणा सरकार के पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों को अपनी पेंशन सुचारू रूप से जारी रखने के लिए नवंबर 2026 में जीवित प्रमाण पत्र, गैर विवाह प्रमाण पत्र तथा गैर रोजगार प्रमाण पत्र ऑनलाइन माध्यम से जमा करवाने होंगे। इस संबंध में जिला खजाना कार्यालय द्वारा सभी पेंशनरों के लिए विस्तृत कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। पेंशनरों को उनके नाम के प्रथम अंग्रेजी अक्षर के अनुसार निर्धारित तिथि पर ही संबंधित खजाना कार्यालय में उपस्थित होकर प्रमाण पत्र जमा करवाने होंगे। निर्धारित तिथि एवं अक्षर के अनुसार नहीं आने वाले पेंशनरों के प्रमाण पत्र जमा नहीं किए जाएंगे। इसलिए सभी से अपील है कि वे निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही पहुंचें ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। जीवित प्रमाण पत्र जमा करवाने के लिए सभी पेंशनरों को अपनी पेंशन बुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा ओटीपी प्राप्त करने के लिए मोबाइल फोन साथ लाना अनिवार्य है। वहीं. सभी पारिवारिक पेंशनरों को गैर विवाह प्रमाण पत्र जमा करवाने के लिए स्वयं उपस्थित होना होगा।

पुलिस लाइन में लगवाया गया स्वास्थ्य चेकअप के लिए शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

अमर शहीदों की याद में 21 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक विभिन्न प्रोग्राम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रोग्राम आयोजित करने का उद्देश्य शहीदों से प्रेरणा लेना है। इसी कड़ी में शुक्रवार की सुबह जिला पुलिस कैथल के सहयोग से सिविल हस्पताल कैथल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ डीएसपी सुशील प्रकाश द्वारा किया गया। जिसके दौरान पुलिस कर्मचारियों, अधिकारियों तथा उनके परिजनों द्वारा बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया गया। जिसके दौरान डॉ. सौरभ की टीम द्वारा उनके स्वास्थ्य की निशुल्क जांच करने के अतिरिक्त निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। इस दौरान कुल करीब 100 व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जांच की गई, जिसमें मरीजों ने विशेषज्ञों की सलाह ली है। इस दौरान कार्यालय पुलिस अधीक्षक के फार्मेसी ऑफिसर संदीप ढुल ने बताया कि पुलिस कर्मचारियों हेतु एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार यह कैंप लगाया गया है। पुलिस कर्मी ड्यूटी की व्यस्तता के चलते समय अभाव व भागदौड़ भरी जिंदगी में खुद व अपने परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य और सेहत का ख्याल नहीं रख पाते हैं।

एसआईआर के तहत जारी सभी नोटिस पर सुनवाई की तिथि बढ़कर अब 20 नवंबर हुई : अपराजिता

पूंडरी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अपराजिता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा के निर्देशानुसार एसआईआर के तहत जारी सभी नोटिस पर सुनवाई की तिथि बढ़कर अब 20 नवंबर कर दी गई है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 30 नवंबर को किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित समयसीमा को ध्यान में रखते हुए शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। एसआईआर-2026 का उद्देश्य मतदाता सूची को अपडेट और विश्वसनीय बनाना है। इसके लिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

2028 में आचार्य महाश्रमण के संभावित आगमन पर तैयारियां

32 साल पुराने तेरापंथ भवन का होगा नए सिरे से निर्माण

भूमि पूजन के साथ निर्माण कार्य का करवाया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना



उचाना। तेरापंथ भवन निर्माण को लेकर भूमि पूजन में पहुंचे गणमान्य लोग।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रेम खापड़ जैन, सुरेश जैन, सतपाल जैन, जसपाल कापड़ो सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

उचाना मंडी स्थित 32 साल पुराने तेरापंथ भवन का नए सिरे से निर्माण करवाया जाएगा। शुक्रवार को जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा की अगुवाई में भूमि पूजन के साथ निर्माण कार्य की शुरुआत की गई। भूमि पूजन मंत्रोजाप से प्रवीण शर्मा ने सम्पन्न करवाया। भवन का निर्माण वर्ष 2028 में आचार्य महाश्रमण के संभावित उचाना आगमन को ध्यान में रखते हुए भी करवाया जा रहा है। 50 गुणा 31 फुट में बनने वाले इस भवन में प्रवचन हॉल और दो कमरों का निर्माण किया जाएगा। वहीं पहली मंजिल पर एक हॉल, दो कमरे और शौचालय की व्यवस्था की जाएगी ताकि साधु व साध्वियों के चातुर्मास एवं धार्मिक आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा उचाना मंडी के प्रधान रामनिवास जैन और राजेश जैन ने बताया कि तेरापंथ भवन का निर्माण वर्ष 1984 में हुआ था। समय के साथ यहां साधु व साध्वियों के चातुर्मास के दौरान जगह की कमी महसूस होने लगी थी। इसके अलावा भवन का लेवल सड़क के बराबर होने के कारण बरसात के दिनों में पानी भवन के अंदर भर जाता था। इन समस्याओं को देखते हुए भवन का नए सिरे से निर्माण करवाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2028 में आचार्य महाश्रमण के उचाना आगमन की संभावनाओं को देखते हुए भी भवन को आधुनिक सुविधाओं के साथ तैयार किया जा रहा है। आचार्य महाश्रमण का वर्ष 2026 में राजस्थान के लाडनूं में चातुर्मास है, जबकि वर्ष 2027 में दिल्ली और वर्ष 2028 में हिसार में चातुर्मास प्रस्तावित है। वर्ष 2028 में आचार्य महाश्रमण जींद, उचाना और नरवाना से होते हुए विहार करेंगे।

पटेल जयंती को एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा

पूंडरी। डीसी अपराजिता ने बताया कि 31 अक्टूबर को भारत के लौह पुरुष एवं राष्ट्रीय एकता के प्रमुख वास्तुकार सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

इसके अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10 बजे जिला कारागार में होगा, जिसमें राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। डीसी अपराजिता ने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारियों की ड्यूटियां लगाई गई है, ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।